आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 27.02.2019

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में दिनांक 27.02.2019 को राजभाषा विभाग के क्रियांन्वयन समित कि बैठक सुनीत शर्मा महाप्रबंधक कि अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक मे मुख्य राजाभाषा अधिकारी आर..एन. टोप्पो एवं राजभाषा अधिकारी संजय निगन ने उनका स्वागत किया।

इस बैठक में राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3/3 के अनुपालन सुनिश्चत करने पर विशेष जोर दिया गया साथ हीं साथ आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के राजभाषा विभाग द्वारा जारी होने वाली 'प्रतिबिम्ब' पत्र के पंचम संस्करण का विमोचन महाप्रबंधक श्री शर्मा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने राजभाषा के उत्तरोत्तर प्रगती के लिए अनेक सुझाव दिये। इस बैठक में राजभाषा अधिकारी संजय निगम के द्वारा पिछली तिमाही के दौरान राजभाषा विभाग द्वारा किये गये कार्यों का एक प्रस्तुति क्रियांन्वयन समित के समक्ष प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर महाप्रबंधक महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि हमलोगों को हिन्दी में कार्य करने में रूचि लेनी चाहिए एवं राजभाषा को सम्मान देने और इसके महत्व को अगली पीढी को हस्तान्तरित करने के लिए कार्यक्रम किए जाने की जरूरत है ।

इस अवसर पर श्री अनुप कुमार पीसीएई, श्री आलोक कुमार सीएओ, श्री दावा छेरिंग पीएफए, श्री जयदेव पीसीपीओ, श्री आर. एन. मीना मुख्य सामग्री प्रबंधक व श्री आर.पी. शर्मा सचिव महाप्रबंध सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे ।

(आर.पी. शर्मा) 27/2
मुख्य जन-संपर्क अधिकारी